डाक विभाग के कर्मचारियों के लिए आवास

579. **चौधरी हरमोहन सिंह:**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने डाक एवं तार विभाग के कर्मचारियों के लिए आवास के संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए और उनमें से कितने लक्ष्य प्राप्त किए गए; और

(ग) क्या सरकार ने इन कार्यों की समीक्षा की है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) **डाक विभाग**

जी हां। आठवीं पंचवर्षीय योजना में डाक विभाग द्वारा 1000 स्टाफ क्वार्टर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

दूरसंचार विभाग

जी हां। आठवीं योनजा (1992-97) के अंत तक 14% समग्र संतुष्टि स्तर प्राप्त करने का लष्य निर्धारित किया गया है।

(ख) **डाक विभाग**

स्टाफ क्वार्टर बनाने के लिए वर्षवार कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता। तथापि, पिछले तीन वर्षों (1992-93 से 1994-95 तक) के दौरान 702 स्टाफ क्वार्टर बनाए गए हैं।

दूरसंचार विभाग

मकानों का निर्माण करने के लिए कोई वर्षवार लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते हैं। तथापि, पिछले तीन वर्षों के दौरान बनाए गए क्वार्टरों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) **डाक विभाग**

जी हां।

संसाधन की कमी के कारण चालू निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

दूरसंचार विभाग

जी हां। कमचारियों के लिए मकान की सुविधाएं बढ़ाने हेतु वर्ष 1995-96 के लिए आबंटित 70 करोड़ रुपए की राशि को बढ़ाकर 110 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान बनाये गये क्वार्टरों का ब्यौरा

क्रम सं.	सर्किल का नाम	पहले से ही निर्मित स्टाफ क्वार्टर		
		1992-93	1993-94	1994-95
1.	आ प्रदेश	30	50	34
2.	असम	39	40	36
3.	बिहार	31	38	84
4.	गुजरात	17	40	56
5.	हरियाणा	84	30	12
6.	हिमाचल प्रदेश	35	8	50
7.	जम्मू एवं कश्मीर	6	12	4
8.	कर्नाटक	52	42	6
9.	केरल	197	225	36
10.	मध्य प्रदेश	235	237	99
11.	महाराष्ट्र	151	180	91
12.	उत्तर पूर्व	25	91	28
13.	उड़ीसा	74	143	57
14.	पंजाब	111	99	121
15.	राजस्थान	64	105	84
16.	तमिलनाडु	158	91	21
17.	उत्तर प्रदेश	84	131	188
18.	पश्चिम बंगाल	119	120	40
19.	मद्रास	24	40	31
20.	कलकत्ता	20	158	2
21.	एन.टी.आर. दिल्ली	–	–	54
22.	टी एंड डी सर्किल, जबलपुर	–	–	2

टिप्पणी: (1) उपर्युक्त ब्यौरे में महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली और बम्बई शामिल नहीं है।

Meeting on India's Security

580. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SUHILKUMAR
SAMBHAJIRAO SHINDE :

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state: (a) whether a meeting of Senior Government and Military Officials, scientists and scholars was held in the first week of January, 1996 under the aegis of the Centre of Policy Research, New Delhi to consider India's nuclear policy in the context of adoption of the ensuing Comprehensive Test Ban Treaty, and Indian security interests;